Reg. No .................... Name .............................. 20U117

# B. A / B. Sc DEGREE END SEMESTER EXAMINATION - OCT. 2020 : FEBRUARY 2021

**SEMESTER 1 : ADDITIONAL LANGUAGE : HINDI**

**COURSE : 19U1CCHIN1A : PROSE AND DRAMA**

*(For Regular - 2020 Admission & Improvement / Supplementary 2019 Admission)*

Time : Three Hours Max. Marks: 75

## Section A

## I. उत्तर लिखिए ।

1. जीवन का उद्देश्य क्या है ?
2. माधवी नाटक का सबसे पहला प्रदर्शन किस नाट्य संस्था ने किया था?
3. साहित्य की महत्ता किस प्रकार का निबंध है ?
4. किसी जाति के उत्कर्षापकर्ष का प्रतिबिंब कहाँ मिल सकता है ?
5. धर्मग्रंथों में स्त्री की तुलना किसके साथ की गई है?
6. माधवी ने किसे लंपट राजा कहा था?
7. माताभूमि किसका निबंध है ?
8. किसके कारण पृथ्वी मातृभूमि की संज्ञा प्राप्त करती है ?
9. ब्राह्मणों को गाधि ने कितने घोड़े दान-स्वरूप दिए थे?
10. काशी के राजा दिवोदास के पुत्र का नाम क्या था?

**(1 x 10 = 10)**

## Section B

## II. प्रत्येक खण्ड से चार - चार प्रश्न चुनकर कुल आठ प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

### खण्ड - क

11. साहित्यकार को आत्मसंयम की आवश्यकता होती है। क्यों ?
12. राष्ट्रीय भावों का अंकुर कैसे पल्लवित होगा ?
13. ज्ञानराशि के संचित कोष ही का नाम साहित्य है । क्यों ?
14. काव्य कला को सबसे ऊँचा स्थान क्यों दिया जाता है ?
15. दिनकरजी के अनुसार भारत का कवि क्यों प्रवास में है ?

### खण्ड - ख

16. सिंहासन पर बैठने पर ययाति ने मन-ही-मन क्या शपथ लिया था?
17. माधवी को क्या-क्या वर प्राप्त थे?
18. उत्तराखंड के लोग ययाति के दान-दक्षिणा के संबध में क्या सोचते हैं?
19. तापस गालव से मिलकर क्या सूचना देता है?
20. राजा गाधि ने अश्वमेधी घोड़ों को क्यों दान-स्वरूप दिया?

**(2 x 8 = 16)**

Section C

III. किन्ही पाँच प्रश्नों का उत्तर लिखिए। प्रत्येक खण्ड से दो प्रश्न अनिवार्य है।

खण्ड - क

21. प्रेमचन्द के लेखक व्यक्तित्व का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

22. भारत के कवि को कब लगता है कि उसने अपनी जन्म-भूमि का सिर ऊँचा कर लिया है ?

23. साहित्य के आस्वादन से मस्तिष्क को वंचित करने का परिणाम क्या है ?

24. "सभ्य समाज का हँसना और रोना दोनों ही अर्थपूर्ण होता है।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

खण्ड - ख

25. "भाग्य बली है, मारीच। हम-तुम कुछ नहीं कर सकते। प्रत्येक व्यक्ति अपना भाग्य स्वयं लेकर आता है। एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के भाग्य का निर्णय नहीं कर सकता।" सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

26. "दान में दी हुई चीज़ को वापस नहीं लिया जाता।" सप्रसंग व्याख्या कीजिए ?

27. गालव की प्रतिज्ञा किस प्रकार पूर्ण हुई ?

(5 x 5 = 25)

Section D

IV. किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लिखिए।

खण्ड - क

28. "साहित्य वह जादू की लकडी है जो विश्व की आत्मा का दर्शन करा देती है । " इस कथन को विस्तार से समझाइए।

अथवा

29. ललित कला क्या है ? उसके कितने भेद हैं ? सोहाहरण समझाइए।

खण्ड - ख

30. माधवी नाटक का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

अथवा

31. "मैं सचमुच बड़ी दुर्बल हूँ, गालव, मधवी का मातृत्व उसे दुर्बल बनाती है परंतु कर्तव्य बोध उसे आगे चलने की प्रेरणा देती है।" इस कथन को माधवी नाटक के आधार पर व्यक्त कीजिए ।

**(12 x 2 = 24)**